# कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com


पत्रांक 1609 /                                        शेखपुरा, दिनांक 07/10/2024 /

प्रेषक,
ई0 विमल कुमार,
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवा में,
श्री सन्नी कुमार (संवेदक),
ग्राम+पोस्ट–बड़हिया, जिला–लखीसराय।
पिन–811302, मो0 नं0–7004852008.

विषयः– शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित पथ में अनुरक्षण कार्य कराने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक–1283 दिनांक 21.08.2024 एवं अधीक्षण अभियन्ता, ग्रा0का0वि0, कार्य अंचल, मुंगेर का पत्रांक–1010 दिनांक 30.09.2024.

महाशय,

उपरोक्त विषयक कहना है कि शीर्ष–MMGSY योजनान्तर्गत आपके द्वारा एकरारित योजना **अकौना मोड़ से अकौना पथ** का स्थल निरीक्षण अधीक्षण अभियन्ता महोदय द्वारा BRRMS App के माध्यम से माह सितम्बर 2024 में किया गया, एवं निरीक्षणोंपरान्त पथ को असंतोषजनक (Unsatisfactory) श्रेणी में रखा गया है। स्थल निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि उल्लेखित पथ के दोनो Shoulder पर बड़े–बड़े घास/झाड़ी उगे हुए हैं, एवं कुछ स्थानों पर Bituminous Surface क्षत–विछत हो गया है एवं कई स्थानों पर पथ का किनारा टूट गया है, तथा ह्यूम पाईप पुलिया का पारापेट दीवाल रंग–रोगण कराने की आवश्यकता है, पथ के पूरी लम्बाई में एक भी 200m Stone, KM Post नहीं पाया गया। पथ में मरम्मति कार्य कराने हेतु आपके मोबाईल पर एवं प्रासंगिक पत्र द्वारा भी पथ में अनुरक्षण कार्य कराने हेतु निदेशित किया गया था, परन्तु आपके द्वारा अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया है। आपके द्वारा किये गए एकरारनामा के अनुसार उल्लेखित त्रुटियों को ससमय सुधार कराना आपकी पूर्ण जबावदेही है।

अतः कार्यहित में निदेशित किया जाता है कि पत्र प्राप्ति के सात दिनों के अन्दर संबंधित कनीयन्ता अभियन्ता के देख–रेख में सभी आवश्यक अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराकर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित करें, अन्यथा वाध्य होकर बिहार ठिकेदारी पंजीकरण नियम (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम–11 के आलोक में आपके निबंधन को काली सूची में डालने एवं निबंधन को निलबंन हेतु अनुशंसा भेजने की कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

विश्वासभाजन

7.10.24

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमण्डल,
शेखपुरा